# अमर भारती

04 प्रदेश, 06 संस्करण

एक उम्मीद

: 182, पृष्ठ: 12, मूल्य: 03 रु. RNI No. UPHIN/2011/46455 www.amarbharti.com सोमवार, 29 जून 2026 शक सम्वत् 194


# उत्तम स्वास्थ्य के लिए लगा निशुल्क परामर्श शिविर




अमर भारती ब्यूरो

**कानपुर।** चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि के खाद्य विज्ञान एवं पोषण विभाग द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में एक दिवसीय 'उत्तम स्वास्थ्य निःशुल्क परामर्श शिविर' का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के निर्देशानुसार तथा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।इस शिविर का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय की छात्राओं में स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा विशेष रूप से उन छात्राओं को उचित परामर्श प्रदान करना था, जिनका हीमोग्लोबिन स्तर कम पाया गया, चाहे वे माइल्ड एनीमिया अथवा सीवियर एनीमिया की स्थिति में हों।

कार्यक्रम का शुभारंभ सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता (डीन) डॉ. सीमा सोनकर द्वारा किया गया। उन्होंने एनीमिया के प्रमुख कारणों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व को रेखांकित किया। डॉ. विनीता सिंह द्वारा छात्राओं को एनीमिया के प्रारंभिक लक्षणों, बचाव के उपायों एवं आवश्यक सावधानियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शिविर में उपस्थित सभी छात्राओं की हीमोग्लोबिन जांच रिपोर्ट के आधार पर उन्हें व्यक्तिगत आहार एवं जीवनशैली संबंधी परामर्श भी दिया गया। कार्यक्रम में विभाग की डॉ. प्रज्ञा मिश्रा, डॉ. जया वर्मा एवं डॉ. ऐश्वर्या सिंह की सक्रिय उपस्थिति रही, जिन्होंने छात्राओं की काउंसलिंग एवं शिविर के सुचारु संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्राओं ने प्रतिभाग कर स्वास्थ्य संबंधी लाभ प्राप्त किया।

इसी क्रम में जिन छात्राओं का हीमोग्लोबिन स्तर सामान्य से कम पाया गया है, उन्हें प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे से 11:00 बजे तक खाद्य विज्ञान एवं पोषण विभाग में निःशुल्क पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्रदान किया जाएगा, जिससे उनके स्वास्थ्य में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जा सके।

# रहस्य संदेश

पृष्ठ : 4 मूल्य : 2.00 रुपये मात्र | एटा कासगंज अलीगढ़ लखनऊ गाजियाब

29 : 06 : 2026 | वर्ष 20 अंक 169 | RNI-No. UPHI


## सीएसए में एनीमिया जागरूकता एवं 'उत्तम स्वास्थ्य हेतु परामर्श शिविर का हुआ सफल आयोजन




रहस्य संदेश | अनवर अशरफ

कानपुर चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के खाद्य विज्ञान एवं पोषण विभाग द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में एक दिवसीय 'उत्तम स्वास्थ्य निःशुल्क परामर्श शिविर' का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश की मा. राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी के निर्देशानुसार तथा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।इस शिविर का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय की छात्राओं में स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा विशेष रूप से उन छात्राओं को उचित परामर्श प्रदान करना था, जिनका हीमोग्लोबिन स्तर कम पाया गया, चाहे वे माइल्ड एनीमिया अथवा सीवियर एनीमिया की स्थिति में हों। कार्यक्रम का शुभारंभ सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता (डीन) डॉ. सीमा सोनकर द्वारा किया गया। उन्होंने एनीमिया के प्रमुख कारणों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए रेखांकित किया। इसके पश्चात डॉ. विनीता सिंह द्वारा छात्राओं को एनीमिया के प्रारंभिक लक्षणों, बचाव के उपायों एवं आवश्यक सावधानियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शिविर में उपस्थित सभी छात्राओं की हीमोग्लोबिन जांच रिपोर्ट के आधार पर उन्हें व्यक्तिगत आहार एवं जीवनशैली संबंधी परामर्श भी दिया गया। कार्यक्रम में विभाग की डॉ. प्रज्ञा मिश्रा, डॉ. जया वर्मा एवं डॉ. ऐश्वर्या सिंह की सक्रिय उपस्थिति रही, जिन्होंने छात्राओं की काउंसलिंग एवं शिविर के सुचारु संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्राओं ने प्रतिभाग कर स्वास्थ्य संबंधी लाभ प्राप्त किया। इसी क्रम में जिन छात्राओं का हीमोग्लोबिन स्तर सामान्य से कम पाया गया है, उन्हें प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे से 11:00 बजे तक खाद्य विज्ञान एवं पोषण विभाग में निःशुल्क पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्रदान किया जाएगा, जिससे उनके स्वास्थ्य में निरंतर सुधार

# सीएसए में शुरू किया जाएगा मिलेट्स प्रोसेसिंग सेंटर

जागरण संवाददाता, कानपुर : चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) में मिलेट्स प्रसंस्करण पैकेजिंग सह विपणन केंद्र शुरुआत होने जा रही गई है। दस जुलाई को होने वाले विश्वविद्यालय के दीक्षा समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल इसका शुभारंभ करेंगी। केंद्र में मशीनें लगने का काम पूरा कर लिया गया है। इसके शुरू होने से सीएसए के अंतर्गत आने वाले कानपुर, झांसी, चित्रकूट धाम, प्रयागराज, लखनऊ और अयोध्या मंडल के 22 जिलों के किसानों को मोटे अनाज की प्रोसेसिंग और पैकेजिंग की सुविधा मिल सकेगी। इससे उन्हें अपनी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा।



सीएसए के प्रोसेसिंग केंद्र में तैयार सावां और रागी को दिखाते डा. विजय कुमार यादव • जागरण

> विश्वविद्यालय में मिलेट्स प्रोसेसिंग और पैकेजिंग से जुड़ी आधुनिक मशीनें लगाई गई हैं। इनकी टेस्टिंग चल रही है। इस प्रोजेक्ट से सीएसए के कार्यक्षेत्र में आने वाले 22 जिलों के किसानों को फायदा मिलेगा। किसान उत्पाद का मूल्य संवर्धन (वैल्यू एडिशन) कर सकेंगे और मिलेट्स से जुड़े स्वरोजगार को अपनाकर अपना सकेंगे।
>
> – डा. विजय कुमार यादव, निदेशक (बीज एवं प्रक्षेत्र), सीएसए

- किसानों को मिलेगी मोटे अनाज की प्रोसेसिंग और पैकेजिंग कराने की सुविधा
- कानपुर, झांसी, चित्रकूट धाम, प्रयागराज, लखनऊ व अयोध्या मंडल किसानों को फायदा
- युवाओं को मोटे अनाज से बिस्किट, कुकीज व मिठाइयां बनाने की दी जाएगी ट्रेनिंग
- 10 जुलाई को होने वाले विश्वविद्यालय के दीक्षा समारोह में राज्यपाल करेंगी शुभारंभ

ग्रामीण क्षेत्रों में मोटे अनाज (मिलेट्स) की सफाई, कुटाई और पैकेजिंग की समुचित व्यवस्था न होने से कई बार किसानों को कम दाम पर फसल बेचनी पड़ती है। विश्वविद्यालय ने किसानों की इसी समस्या को दूर करने के लिए परिसर में यह केंद्र स्थापित किया है। इस केंद्र में आधुनिक मशीनें लगाई गई हैं, जिनकी अभी टेस्टिंग चल रही है। जल्द ही यहां सावां, कोदो, रागी और काकून जैसे अनाजों से बेहतरीन प्रोडक्ट्स बनाने का काम भी शुरू हो जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन सबसे पहले किसानों को इसका लाभ देगा।

सीएसए के बीज एवं प्रक्षेत्र के निदेशक प्रो. विजय कुमार यादव ने बताया केंद्र में किसान, व्यापारी या एनजीओ आकर अपने उत्पाद की प्रोसेसिंग और पैकेजिंग करा सकेंगे। इसके अलावा यहां युवाओं को मोटे अनाज से बिस्किट, कुकीज, डोसा, इडली और मिठाइयां बनाने की तकनीकी ट्रेनिंग भी दी जाएगी। साथ ही छोटे उद्यमियों को उत्पाद तैयार करने में भी मदद करेंगे। विश्वविद्यालय बहुत की कम कीमत पर यह सुविधा मुहैया कराएगा।

41वां स्थान मिला है। दोनों ही विषयों में विश्वविद्यालय ने प्रदेश के राज्य

अमर उजाला 29/06/2026

# सेहतमंद भोजन की दी जानकारी

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय (सीएसए) में रविवार को 'उत्तम स्वास्थ्य निःशुल्क परामर्श शिविर' लगा। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के खाद्य विज्ञान एवं पोषण विभाग की ओर से आयोजित हुआ। इसमें छात्राओं को संतुलित और सेहतमंद भोजन की जानकारी दी गई। डीन डॉ. सीमा सोनकर ने एनीमिया के लक्षण, बचाव और सावधानियों के बारे में बताया। डॉ. विनीता सिंह ने छात्राओं की जांच रिपोर्ट के आधार पर उन्हें व्यक्तिगत आहार और जीवनशैली संबंधी परामर्श प्रदान किया। डॉ. प्रज्ञा मिश्रा, डॉ. जया वर्मा, डॉ. ऐश्वर्या सिंह ने व्याख्यान दिया। (ब्यूरो)

# सीएसए में एनीमिया जागरूकता शिविर, छात्राओं को मिला स्वास्थ्य परामर्श




**कानपुर ( वर्ल्ड खबर एक्सप्रेस )।** चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के खाद्य विज्ञान एवं पोषण विभाग की ओर से विश्वविद्यालय परिसर में एक दिवसीय 'उत्तम स्वास्थ्य निःशुल्क परामर्श शिविर' का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य छात्राओं में स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और कम हीमोग्लोबिन स्तर वाली छात्राओं को उचित परामर्श देना रहा। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश की राज्यपाल Anandiben Patel के निर्देशों तथा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। शिविर में विशेष रूप से उन छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी गई, जिनमें माइल्ड और गंभीर एनीमिया की स्थिति पाई गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की डीन डॉ. सीमा सोनकर ने किया। उन्होंने एनीमिया के प्रमुख कारणों और संतुलित आहार के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद डॉ. विनीता सिंह ने छात्राओं को एनीमिया के शुरुआती लक्षण, बचाव और सावधानियों के बारे में जागरूक किया।

शिविर में छात्राओं की हीमोग्लोबिन जांच रिपोर्ट के आधार पर व्यक्तिगत आहार और जीवनशैली संबंधी परामर्श दिया गया। इस दौरान डॉ. प्रज्ञा मिश्रा, डॉ. जया वर्मा और डॉ. ऐश्वर्या सिंह ने काउंसलिंग और शिविर संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई।

विभाग ने बताया कि जिन छात्राओं का हीमोग्लोबिन स्तर सामान्य से कम है, उन्हें प्रतिदिन सुबह 10 बजे से 11 बजे तक खाद्य विज्ञान एवं पोषण विभाग में निःशुल्क स्वास्थ्य और पोषण परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि उनके स्वास्थ्य में लगातार सुधार हो सके।

## Over 125 CSA Students Selected as Agricultural Technical Assistants in Uttar Pradesh

More than 125 students of Chandra Shekhar Azad University of Agriculture and Technology (CSA), Kanpur, have been selected for the post of Agricultural Technical Assistant under the Uttar Pradesh Agriculture Department's recruitment drive for 3,446 vacancies. According to Dr. Vijay Kumar Yadav, Director of Placement, the selected candidates will help farmers adopt modern agricultural technologies, quality seeds, and production inputs, while creating awareness about various Central and State Government schemes. They will also assist in technology demonstrations, variety trials, and dissemination of information on plant protection measures and organic farming practices. The appointments are expected to strengthen agricultural extension services and contribute to increased productivity and farmers' income. Dr. Khalil Khan, Media In-charge, said that Vice-Chancellor Dr. Sanjeev Gupta congratulated the successful students and wished them a bright future. The achievement has brought enthusiasm and pride across the university campus.

THE INDIAN EXPRESS